प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

18.45 शनिवार दिनांक 11.01.2025

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– मुंगेली जिले के सरगांव क्षेत्र में स्थित स्मेल्टर प्लांट में हुए हादसे के बाद बीती रात मलबे से तीन श्रमिकों के शव बरामद किए गए–हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हुई।

2– त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए रायपुर में आज जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया संपन्न।

3– मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दस डी–स्लज वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

4– व्यापमं ने विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए बत्तीस से अधिक परीक्षाओं के लिए तिथियों की घोषणा की।

<u>मुंगेली–फैक्ट्री हादसा</u>

मुंगेली जिले में सरगांव के रामबोड़ स्थित एक स्मेल्टर प्लांट में हुई दुर्घटना में मरने वाले श्रमिकों की संख्या चार हो गई है। जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा करीब चालीस घंटे तक चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बीती रात तीन श्रमिकों के शव मलबे से बाहर निकाले गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए तत्काल सिम्स बिलासपुर भेजा गया। इस घटना में एक श्रमिक भी घायल हुआ था, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।

कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि इस हादसे में जिन परिवारों ने अपने सदस्यों को खोया है, उन्हें नियमानुसार प्रशासन द्वारा मुआवजा सहित अन्य आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। इस घटनाक्रम के जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस ने प्लांट के ऑपरेशन मैनेजर, प्रबंधक और इंचार्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## रायपुर–हादसा

रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में आज एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत की छत गिर जाने से एक मजदूर की मौत हो गई है। इस हादसे में आठ मजदूर घायल हो गए है, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब इमारत की सातवीं मंजिल में छत ढलाई का काम चल रहा था। इसी दौरान उसका एक हिस्सा गिर गया, जिसमें कई मजदूर दब गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया।

कलेक्टर गौरव सिंह ने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–आरक्षण

प्रदेश में त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आज रायपुर के निमोरा स्थित पंचायत और ग्रामीण विकास संस्थान में प्रदेश के तैंतीस जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण हुआ। इनमें सोलह सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए, चार सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए और तेरह सीट सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित की गई हैं। इनमें से सत्रह सीटें सभी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। सामान्य सीटों में मुंगेली, सारंगढ़–बिलाईगढ़, कबीरधाम, रायपुर, धमतरी और महासमुंद जिला पंचायत शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री–डी–स्लज वाहन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और स्वच्छता को बढ़ाने के उद्देश्य से आज रायपुर में दस डी–स्लज वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन की संकल्पना छत्तीसगढ़ में साकार हो रही है। छत्तीसगढ़ ओडीएफ प्लस राज्य बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। अब तक प्रदेश के पांच जिले, अंठावन विकासखंड और सोलह हजार से अधिक गांव ओडीएफ प्लस मॉडल हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन वाहनों की सुविधा मिलने से गंदगी के कारण फैलने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

## शिवराज सिंह–किसान सम्मेलन

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आने वाले समय में धान के साथ–साथ सब्जी और फलों का भी कटोरा बनेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार, कृषि के साथ–साथ उद्यानिकी और बागवानी फसलों को भी बढ़ावा दे रही है। केन्द्रीय कृषि मंत्री कल दुर्ग जिले के ग्राम खपरी में आयोजित तीन दिवसीय किसान सम्मेलन के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्री चौहान ने प्रगतिशील किसान संघ द्वारा निर्मित भवन का लोकार्पण और प्रशिक्षण केन्द्र के लिए भूमिपूजन किया गया। साथ ही तेरह जनवरी से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में शुरू होने वाले महाकुंभ के लिए दो सौ क्विंटल सब्जी से भरे ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया।

## अरूण साव–मोवा ओवरब्रिज

उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने रायपुर के मोवा ओवरब्रिज में मरम्मत कार्य में लापरवाही की शिकायत मिलने के बाद कल मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने खराब गुणवत्ता के काम पर नाराजगी जताते हुए

संबंधित ठेकेदार और इंजीनियर्स को सख्त चेतावनी दी। इस मामले में उन्होंने मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी से ओवरब्रिज मरम्मत कार्य की जांच करवाकर तीन दिनों में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## जिले की चिट्‌ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्‌ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''**गरियाबंद**'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## व्यापमं–परीक्षा कैलेंडर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं इस वर्ष विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए बत्तीस से अधिक परीक्षाओं का आयोजन करेगा। व्यापमं ने इन परीक्षाओं के लिए संभावित तिथियों की घोषणा कर दी है। इनमें उप अभियंता, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक, एडीईओ से लेकर पुलिस कांस्टेबल, स्टॉफ नर्स और वार्ड ब्वॉय तक के पद शामिल हैं। ये परीक्षाएं नौ मार्च से शुरू होकर इक्कीस दिसंबर तक चलेंगी। इस संबंध में अधिक जानकारी व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट से ली जा सकती है।

## इंडियन वाटर–अधिवेशन

रायपुर में आयोजित इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन के संतावनवें वार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन आज कई शोध पत्र रखे गए। साथ ही तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया। कल बारह जनवरी को इस अधिवेशन का समापन होगा।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन के महासचिव बसंता कुमार परिदा ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिवेशन में छप्पन शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

तोखन साहू–युवा स्वागत

राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल का केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने अपने आवास में स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस प्रतिनिधिमंडल में एक सौ दस युवा शामिल हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने इन युवाओं से बातचीत की और उनके विचारों को सुना। उन्होंने कहा कि इन युवाओं के माध्यम से विकसित छत्तीसगढ़–विकसित भारत का सपना जरूर साकार होगा।

इधर, रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कल से तीन

दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव शुरू हो रहा है। इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस महोत्सव में जिला और ब्लॉक स्तर पर हुए युवा उत्सव के विजेताओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

राज्यपाल–राजनांदगांव प्रवास

राज्यपाल रमेन डेका ने कल अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने कलेक्टोरेट में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने की जरूरत बताई।

राज्यपाल ने सुंदरा गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित भवनों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से भी बातचीत की।

वहीं, राज्यपाल सुंदरा स्थित छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज और रिसर्च इंस्टीट्यूट सुंदरा के स्नातक समारोह में शामिल हुए।

राज्यपाल ने कल राजनांदगांव कलेक्टोरेट में आयोजित एक कार्यक्रम में लखपति दीदी दिव्या निषाद को सम्मानित किया। राजनांदगांव विकासखंड के कुसमी गांव की रहने वाली दिव्या निषाद का चयन नई दिल्ली में छब्बीस जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एट होम रिसेप्शन के लिए किया गया है।

अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान राज्यपाल ने दिव्यांगों के लिए समर्पित संस्था अभिलाषा के वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह में भी शिरकत की।

## जवान–घायल/आईईडी बरामद

बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक प्रधान आरक्षक राकेश कुल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है।

इस बीच, नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कच्चापाल–तोके मार्ग पर सुरक्षा बलों ने पांच–पांच किलो के चार आईईडी बरामद किए हैं।

## मौसम

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान कोरिया और उसके आसपास के जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, सुबह हल्का कोहरा छाए रहने के भी आसार हैं। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में इस दौरान न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि संभावित है।

## संक्षिप्त समाचार

## समाचार संक्षेप में ...

– बलरामपुर जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डीपाडीह कला और आयुष्मान आरोग्य मंदिर केवली को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण–पत्र प्रदान किया है।

–	भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जिला प्रभारियों के नामों की घोषणा कर दी है।

–	छत्तीसगढ़ पीएससी भर्ती परीक्षा घोटाला मामले में सीबीआई ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने आज दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया।

–	सक्ती जिले में एक निजी कंपनी द्वारा बैंक से ऋण लेकर खुद का रोजगार शुरू करने का झांसा देकर करीब एक सौ उनतीस महिलाओं से अड़तीस लाख रूपये से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में बाराद्वार पुलिस ने कंपनी के छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>